This question paper contains **2** printed pages]

F—80—2017

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (First Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2017

HINDI

Paper II, भाग-1

(नाट्य साहित्य)

(Saturday, 22-4-2017) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए है।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) ''सत्य क्या है महाराज ? हमारी शुतुरनगरी में केवल एक ही सत्य है जिसे मैं जान पाया हूँ। वह यह कि सजग और संवेदनशील होकर जीना सम्भव नहीं है और विरोधीलाल का यही दुर्भाग्य है।'' 10

अथवा

''और उस राजकीय अन्न की दासता ने मेरा विवेक खरीदा। मेरी न्यायबुदधी खरीदी। मुझे एकलव्य का अंगूठा काटना पड़ा। पक्षपात, क्षुद्रता ने मेरा स्वत्व छीन लिया।''

(आ) ''अंत हो गया .... अंत हो गया। मरते हुए महामानव के महाकाव्य का अंत हो गया।'' 10

अथवा

''यह क्या बकवास कर रहा हूँ। कब तक इस झूठ के भंवर में पड़ा रहूँगा। ये झूठे शब्द कब तक मुझे घेरे रहेंगे। यह कर्फ्यू कब टूटेगा ? हे ईश्वर, इतना भी साहस नहीं कि स्वीकार कर सकूँ। क्या हो गया है हमें ?''

2. नाटक के तत्वों पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए उद्‌देश तत्व का महत्व प्रतिपादित कीजिए। 20

अथवा

''मनीषा कर्फ्यू नाटक की रक्तरेखा है।'' इस कथन के आलोक ने मनीषा की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

P.T.O.

E80BD691CFC3C57DDDECEC82FCC42EF5

3. 'संवाद नाटक का प्राणतत्व होता है'—सिद्ध कीजिए। 20

अथवा

एक और द्रोणाचार्य नाटक में व्यक्त समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) जयशंकर प्रसाद के नाटकों की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) विष्णु प्रभाकर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व लिखिए।

(*iii*) भीष्म साहनी का जीवन-परिचय दीजिए।

(*iv*) भारतेंदु के कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक वाक्य** में लिखिए : 5

(*i*) जयशंकर प्रसाद किस परिवार से संबंधित थे ?

(*ii*) 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' नाटक के रचनाकार कौन हैं ?

(*iii*) लक्ष्मी नारायण मिश्र का जन्म कब हुआ ?

(*iv*) माधवी नाटक के रचनाकार कौन हैं ?

(*v*) विष्णु प्रभाकर को कौनसा पुरस्कार मिला ?

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) भीष्म साहनी ने कबीर के जीवन पर .... नाटक लिखा।

(*ii*) विष्णु प्रभाकर का जन्म .... इ. सन में हुआ।

(*iii*) चंद्रगुप्त के नाटककार .... हैं।

(*iv*) भारतेंदु को कुल .... वर्ष की आयु मिली।

(*v*) राक्षस का मंदिर .... की रचना है।

E80BD691CFC3C57DDDECEC82FCC42EF5